सत्यमेव जयते

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
National Highways Authority of India
(Ministry of Road Transport and Highways, Government of India)
जी-5 एवं 6, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली - 110 075 • G-5 & 6, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075
दूरभाष/Phone : 91-11-25074100 / 25074200

भाराराप्रा/ नीति दिशानिर्देश/ मीडिया संबंध / 2026
नीति परिपत्र स. 4.42 /2026 दिनांक 08th अक्टूबर 2026
{(ई-ऑफिस फाइल सं. 11041/35/18/Policy-MR (कम्प्युटर सं. 77770 पर लिया गया निर्णय)}

NHAI/Policy Guidelines/ Media Relation /2026
Policy Circular No. 4.42 / 2026 dated 08th October, 2026
(Decision taken on E-Office File No. 11041/35/18/Policy-MR (Comp No. 77770)

विषय: संविदाकार/कंसेसनेयर द्वारा परियोजना वृत्तचित्र फिल्म के निर्माण के संबंध में।

Sub: Production of Project Documentary Film by the Contractor/ Concessionaire - Reg

संविदा/रियायत अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार विकास, निर्माण और ओ एवं एम अवधि में संविदाकार/कंसेसनेयर द्वारा परियोजना की वीडियो रिकॉर्डिंग की जानी आवश्यक है। प्राधिकरण ने अब यह निर्णय लिया है कि संविदा/रियायत अनुबंध की अनुसूची-ख के अंतर्गत किए गए प्रावधान के अनुसार, संविदाकार/कंसेसनेयर द्वारा प्रत्येक ऐसी परियोजना, जिसकी लागत ₹500 करोड़ से अधिक है, इसके प्रारंभ से लेकर पूर्ण होने तक मासिक वीडियो रिकॉर्डिंग के इनपुट को शामिल करते हुए एक वृत्तचित्र फिल्म तैयार की जाएगी।

Video recording of the Project is required to be carried out by the Contractor/Concessionaire in Development, Construction and O&M period as per the Provisions of the Contract/Concession Agreement. Authority has now decided that a documentary film on each Project costing more than Rs. 500 Cr. from commencement till completion incorporating the input from the Monthly Video Recording shall be prepared by the Contractor/Concessionaire as provided under Schedule-B of the Contract/Concession Agreement.

2. वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु, संविदाकार/कंसेसनेयर संपूर्ण निर्माण-काल के दौरान परियोजना की विस्तृत पेशेवर वीडियोग्राफी और प्रलेखन करने के लिए एक पेशेवर वीडियो निर्माण एजेंसी को नियुक्त करेगा, जिसका उद्देश्य प्रारंभ से लेकर पूर्ण होने तक परियोजना सफर का एक उच्च-गुणवत्ता वाला दृश्य अभिलेख तैयार करना है। इस वृत्तचित्र फिल्म में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल होंगे:-

In order to achieve the desired objective, Contractor/Concessionaire shall engage a Professional Video Production Agency to undertake comprehensive professional videography and documentation of the Project throughout the construction period, with the objective of creating a high-quality visual record of the Project's journey from commencement to completion. The Documentary Film inter-alia shall contain the following:-

(A) आवधिक वीडियोग्राफी और प्रलेखन:
Periodic Videography and Documentation:

संविदाकार/कंसेसनेयर निर्माण के दौरान नियमित और उपयुक्त अंतराल पर पेशेवर वीडियोग्राफी करेगा। इस कवरेज में परियोजना की सभी महत्वपूर्ण निर्माण गतिविधियों, इंजीनियरिंग के अहम पड़ावों, उपलब्धियों, चुनौतियों और विकास को सम्मिलित किया जाएगा, जिसमें मुख्यतया निम्नलिखित शामिल हैं:

Contd.....2/-

The Contractor/Concessionaire shall carry out professional Videography at regular and appropriate intervals during construction. The coverage shall capture all significant construction activities, engineering milestones, achievements, challenges and developments of the Project, including, but not limited to:

- निर्माण का प्रारंभ और प्रमुख परियोजना पड़ाव;
  Commencement of construction and major Project Milestones;
- कार्यस्थल की तैयारी, सर्वेक्षण, जांच और गतिशीलता;
  Site preparation, surveys, investigations and mobilisation;
- पाइल फाउंडेशन और सब-स्ट्रक्चर वर्क्स;
  Pile foundation and substructure works;
- पुलों, वायडक्ट्स, फ्लाईओवर और अन्य प्रमुख संरचनाओं का निर्माण;
  Construction of Bridges, Viaducts, Flyovers and other major Structures;
- गर्डर्स और अन्य प्रमुख संरचनात्मक घटकों की लॉन्चिंग/इरेक्शन;
  Launching/erection of Girders and other major Structural Components;
- पेवमेंट्स और सड़क निर्माण गतिविधियां;
  Pavement and road construction activities;
- प्रमुख इंजीनियरिंग उपलब्धियां और महत्वपूर्ण निर्माण चरण;
  Major Engineering achievements and critical construction stages;
- विशेष निर्माण मशीनरी, उपस्कर और प्रौद्योगिकी की तैनाती और परिचालन;
  Deployment and operation of specialised construction Machinery, Equipment and Technology;
- नवाचारी निर्माण पद्धतियां और इंजीनियरिंग समाधान;
  Innovative construction methodologies and engineering solutions;
- महत्वपूर्ण निर्माण चुनौतियां, बाधाएं और उनका समाधान;
  Critical construction challenges, constraints and their resolution;
- सुरक्षा, गुणवत्ता नियंत्रण और पर्यावरणीय संरक्षण उपाय;
  Safety, Quality Control and Environmental Protection measures;
- प्रमुख निरीक्षण, पड़ाव कार्यक्रम, उद्घाटन और कमीशनिंग गतिविधियां; और
  Major inspections, milestone events, inaugurations and commissioning activities; and
- इंजीनियरिंग, निर्माण या जन-हित के दृष्टिकोण से अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां।
  Other activities considered significant from the Engineering, Construction or Public-interest perspective.

वीडियोग्राफी की योजना इस प्रकार से तैयार और निष्पादित की जाएगी जिससे **परियोजना के विकास का एक निरंतर और सुसंगत दृश्य अभिलेख प्राप्त हो सके। इस प्रलेखन में मासिक वीडियो रिकॉर्डिंग की सामग्री को शामिल किया जाएगा।**
The Videography shall be planned and executed in a manner that provides a **continuous and coherent visual record of the evolution of the Project. The content from Monthly Video Recording shall be incorporated in this documentation.**

Contd.....3/-

(B) इंजीनियरिंग चुनौतियों और समाधानों का प्रलेखन:
Documentation of Engineering Challenges and Solutions:

निर्माण के दौरान आने वाली तकनीकी और इंजीनियरिंग चुनौतियों तथा परियोजना टीम द्वारा अपनाए गए समाधानों के प्रलेखन पर विशेष बल दिया जाएगा। प्रलेखन में, जहां भी प्रासंगिक हो, निम्नलिखित को प्रदर्शित किया जाएगा:
Special emphasis shall be given to documenting the technical and engineering challenges encountered during construction and the solutions adopted by the Project team. The documentation shall, wherever relevant, demonstrate:

- चुनौती की प्रकृति और जटिलता;
  The nature and complexity of the challenge;
- कार्यस्थल-विशेष बाधाएं और स्थितियां;
  Site-specific constraints and conditions;
- इंजीनियरिंग मूल्यांकन और निर्णय लेने की प्रक्रिया;
  Engineering assessment and decision-making process;
- अपनाई गई निर्माण कार्यप्रणाली;
  Construction methodology adopted;
- तैनात किए गए विशेष उपस्कर, मशीनरी या प्रौद्योगिकी;
  Specialised equipment, machinery or technology deployed;
- कार्यान्वित किए गए नवाचारी या अनुकूलित समाधान; और
  Innovative or customised solutions implemented; and
- अपनाए गए समाधान के परिणाम और प्रभावशीलता।
  Outcome and effectiveness of the adopted solution.

(C) अंतिम वृत्तचित्र फिल्म:
Final Documentary Film:

परियोजना के पूरा होने पर, कंसेसनेयर लगभग 15-20 मिनट की अवधि की एक पेशेवर वृत्तचित्र फिल्म तैयार करेगा, जिसमें शुरुआत तथा निर्माण के प्रारंभ से लेकर पूरा होने और कमीशनिंग तक परियोजना के पूरे सफर को प्रस्तुत किया जाएगा। वृत्तचित्र में सुव्यवस्थित कथानक होगा और यह निम्नलिखित को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करेगा:
Upon completion of the Project, the Concessionaire shall produce a Professional Documentary Film of approximately 15-20 minutes duration, presenting the complete journey of the Project from inception and commencement of construction to completion and commissioning. The documentary shall have a well-structured narrative and shall clearly showcase:

- पृष्ठभूमि, आवश्यकता और परियोजना के उद्देश्य;
  Background, need and objectives of the Project;
- परियोजना विकास और निर्माण सफर;
  Project development and construction journey;
- प्रमुख इंजीनियरिंग कार्य और उपलब्धियां;
  Major engineering works and milestones;
- प्रमुख तकनीकी चुनौतियां और समस्या-समाधान प्रक्रियाएं;
  Key technical challenges and problem-solving processes;

Contd.....4/-

- निष्पादन रणनीति और निर्माण पद्धतियां;
  Execution strategy and construction methodologies;
- नवाचारी इंजीनियरिंग रीतियाँ और प्रौद्योगिकीय हस्तक्षेप;
  Innovative engineering practices and technological interventions;
- तैनात किए गए प्रमुख उपस्कर और मशीनरी;
  Major equipment and Machinery deployed;
- गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरणीय प्रबंधन रीतियाँ;
  Quality, Safety and Environmental Management Practices;
- महत्वपूर्ण उपलब्धियां और परियोजना के पड़ाव; और
  Significant achievements and Project milestones; and
- परियोजना से होने वाले आर्थिक, सामाजिक और क्षेत्रीय लाभ, जिसमें बेहतर कनेक्टिविटी, बढ़ी हुई पहुंच, यात्रा के समय में कमी, सड़क सुरक्षा और आर्थिक क्रियाकलापों को सुगम बनाना, जैसा भी लागू हो, शामिल है।
  Economic, Social and Regional Benefits arising from the Project including improved Connectivity, Enhanced Accessibility, Reduction in Travel Time, Road Safety and facilitation of economic activity, as applicable.

(ठ) निर्माण और रचनात्मक आवश्यकताएं:
Production and Creative Requirements:

वृत्तचित्र का पेशेवर रूप से निर्माण किया जाएगा और इसमें उपयुक्त रूप से निम्नलिखित को शामिल किया जाएगा:
The documentary shall be Professionally produced and shall include, as appropriate:

- पटकथा लेखन और कथा-चित्रण;
  Script writing and Storyboarding;
- पेशेवर वॉयस-ओवर और/या एंकर प्रस्तुति;
  Professional Voice-over and/or anchor presentation;
- जहां भी उपयुक्त समझा जाए, महत्वपूर्ण परियोजना कार्मिकों/हितधारकों के साथ साक्षात्कार;
  Interviews with key Project Personnel/Stakeholders, wherever considered appropriate;
- हवाई/ड्रोन वीडियोग्राफी, जो प्रयोज्य अनुमतियों और विनियमों के अधीन होगी;
  Aerial/Drone Videography, subject to applicable permissions and regulations;
- उच्च-गुणवत्ता वाली भू वीडियोग्राफी;
  High-quality ground videography;
- टाइम-लैप्स और अन्य उपयुक्त दृश्य तकनीकें;
  Time-lapse and other suitable visual techniques;
- शीर्षक, कैप्शन, उपशीर्षक और ऑन-स्क्रीन टेक्स्ट;
  Titles, captions, subtitles and on-screen text;
- इन्फोग्राफिक्स, मानचित्र, आरेख और एनिमेशन, जहां भी आवश्यक हो;
  Infographics, Maps, diagrams and animations, wherever required;
- पृष्ठभूमि संगीत और ध्वनि प्रभाव;
  Background Music and Sound effects;

Contd.....5/-

- उपयुक्त ग्राफिक्स, ट्रांजिशन और दृश्य प्रभाव; और
  Appropriate graphics, transitions and visual effects; and
- पेशेवर संपादन, रंग सुधार और ध्वनि मिश्रण।
  Professional editing, Colour correction and sound mixing.

3. अंतिम उत्पाद एक सुसंगत दृश्य पहचान और कथानक प्रवाह बनाए रखेगा तथा तकनीकी एवं सामान्य दोनों दर्शकों के लिए परियोजना के स्केल, जटिलता, नवाचार और प्रभाव को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करेगा। अंतिम उत्पाद को भाराराप्रा के मीडिया प्रभाग द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

The final Product shall maintain a consistent visual identity and narrative flow and shall effectively communicate the scale, complexity, innovation and impact of the Project to both Technical and General Audiences. The final product will be approved by the Media Division of NHAI.

4. उपरोक्त को लागू करने के लिए, ₹500 करोड़ से अधिक की लागत वाली सभी आगामी परियोजनाओं के लिए, जहां इस परिपत्र के जारी होने की तिथि तक बोलियां प्राप्त नहीं हुई हैं, संविदा/रियायत अनुबंध की अनुसूची-ख में उपरोक्त संशोधन को शामिल किया जाएगा। जिन परियोजनाओं के लिए बोलियां प्राप्त हो चुकी हैं या आवंटित की जा चुकी हैं, लेकिन जहां अभी तक नियत तिथि घोषित नहीं की गई है, वे मीडिया प्रभाग द्वारा जारी मानक दरों के अनुसार कार्य-क्षेत्र में परिवर्तन के रूप में इस मद को निष्पादित करेंगे।

In order to implement the above, for all the upcoming Projects costing more than Rs. 500 Cr., where bids have not been received till the date of issuance of this circular, the above amendment in the Schedule-B of the Contract/Concession Agreement shall be incorporated. For the Projects where bids have been received or awarded but where Appointed Date has not been declared yet shall execute this item as Change of Scope as per the standard rates issued by the Media Division.

5. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।
This issues with the approval of Competent Authority.

08/10/26

(सीएस. संजय कुमार पटेल/ CS. Sanjay Kumar Patel)
प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक(समन्वय) (i/c) Chief General Manager (Coord.)

प्रति/ To:

भाराराप्रा मुख्यालय/आरओ/पीआईयू/सीएमयू/साइट कार्यालयों के सभी अधिकारी।
All Officers of NHAI HQ/ ROs/ PIUs/ CMUs/ Site Offices.

प्रतिलिपि/ Copy to:

1. पुस्तकालय की साइट पर प्रकाशन के लिए पुस्तकालय को।
   Library for hosting the Circular on Library site.
2. परिचालन के लिए वेब एडमिन को।
   Web Admin for Circulation.
3. सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के प्रधान निजी सचिव को सूचनार्थ।
   PPS to Secretary, MoRT&H for Kind Information.